## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम योगी के पिता का विधि विधान के साथ किया गया दाह संस्कार

## संक्रमण के बीच रात को दिल्ली से चंबा पहुंचा युवक

**श्रद्धांजलि**

**संवाददाता**

ऋषिकेश। गंगा व हेवल नदी के संगम पर फूल चट्टी घाट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट का विधि विधान के साथ दाह संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र मानेंद्र सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके पुत्र शैलेन्द्र सिंह व कनिष्ठ पुत्र महेंद्र सिंह सहित परिवार व गांव के लोग भी मौजूद रहे।

इससे पहले यहां मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, रवीना मंत्री मदन कौशिक, धन सिंह रावत, परमार्थ निकेतन के प्रमोद यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, सांसद तीरथ सिंह रावत, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एडिशनल कमिश्नर सौम्या श्रीवास्तव ओएसडी सीएम उत्तर प्रदेश राज भूषण सहित कई लोगों ने स्वर्गीय आनंद सिंह रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि सोमवार सुबह दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) उनका में निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने बीते रोज सुबह करीब 10.45 बजे अंतिम सांस ली। आनंद सिंह बिष्ट का पार्थिव शरीर सोमवार शाम करीब सात बजे उनके पैतृक गांव पंचुर (जिला पौड़ी गढ़वाल) लाया गया। उनके निधन से समूचा क्षेत्र शोक में डूब गया।

**थल नदी में दो हेलीपैड बनाएः** आनंद सिंह बिष्ट के पैतृक गांव पंचूर के समीप थल नदी पर लोक निर्माण विभाग ने दो हेलीपैड बनाए हैं। पूर्व में संभावना थी कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचेंगे। लॉकडाउन को देखते हुए योगी आदित्यनाथ अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो रहे हैं। डीएम पौड़ी धीरज सिंह गर्ब्यालय सहित अन्य अधिकारी भी गांव में व्यवस्था बनाने में जुटे हैं।

**लिवर की बीमारी से थे पीड़ित**

एम्स के अनुसार, उन्हें लंबे समय से लिवर की परेशानी थी। इधर, करीब एक माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। 15 मार्च को एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाकर उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था। गैस्ट्रोलॉजी के डॉ. विनीज आहूजा के नेतृत्व में उनका इलाज चल रहा था। इस वजह से उन्हें आइसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। बताया जा रहा है कि वह किडनी की बीमारी से भी परेशान थे।



### भरा पूरा परिवार छोड़ गए

आनंद सिंह बिष्ट अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार में उनकी पत्नी सावित्री देवी, सबसे बड़ी बेटी पुष्पा बडोली यमकेश्वर में है। कौशल्य कोटद्वार में और शशि पयाल कोठार यमकेश्वर में हैं। उनके बड़े पुत्र मानवेंद्र सिंह महायोगी गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। उनसे छोटे योगी आदित्यनाथ हैं। उनके बाद शैलेंद्र सिंह बिष्ट सेना में सेवारत हैं तो सबसे छोटे महेंद्र सिंह बिष्ट इसी महाविद्यालय में कार्यरत हैं।



### एक परिचय

- नाम आनंद सिंह बिष्ट
- ग्राम–पंचुर, पौड़ी (उत्तराखंड)
- उम्र लगभग 88
- परिवार में पत्नी– श्रीमती सावत्री देवी
- पुत्र – बड़ा मानेंद्र, योगी आदित्य नाथ (अजय सिंह बिष्ट), शैलेन्द्र मोहन, महेंद्र एवम 3 पुत्रियां– पुष्पा देवी,कौशल्या देवी, शशि देवी।
- आनंद सिंह बिष्ट वन विभाग में रेंजर के पद पर रहे।
- सेवा से रिटायर होने के बाद उन्ध्होंने ट्रांसपोर्ट का संचालन भी किया।
- आनंद बिष्ट गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय विठ्यनी यमकेश्वर के संस्थापक अध्यक्ष 1997 से वर्तमान तक।



## योगी आदित्यनाथ के पिता ने हमेशा गांव के विकास के लिए किया प्रयास

**संवाददाता** ऋषिकेश। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह रावत ने राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद हमेशा गांव के विकास के लिए प्रयास किया। सरकार उनकी याद को चिरस्थाई बनाने के लिए प्रयास करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट के अंतिम संस्कार में पहुंचे मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आनंद सिंह बिष्ट का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि आनंद सिंह बिष्ट ने जिस तरह से गांव को अपनी कर्मभूमि बनाया और हमेशा गांव के उत्थान के लिए प्रयासरत रहे वह कोई विलक्षण व्यक्ति ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए सोच समझकर कुछ सार्थक प्रयास करेगी।

## न्यूज डायरी

### योगी के पिताजी के निधन पर तमाम संगठनों ने जताया शोक

**संवाददाता** पिथौरागढ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद बिष्ट के निधन पर तमाम संगठनों ने शोक जताया है। भाजपा विधायक चन्द्रा पंत ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के पिता कर्मठ व लोगों के बीच काफी प्रसिद्व रहे थे। उनका जाना काफी दुखद है। इस दौरान भजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी भाजपा जिलाअध्यक्ष विरेन्द्र वलदिया पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत सहित तमाम लोगों ने शोक प्रकट किया है।

### जिला अधिकारी ने ली जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक ली गई । वही जिले में लाकडाउन की अवधि में खाघान्न वितरण पर डीएम डां वी के जोगदंडे ने इलाके के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक पर चर्चा की। डीएम ने बताया कि आवश्यक चिकित्सा सामग्री क्रय कर ली गई है। राशन कार्ड धारकों को तीन माह का राशन भी वितरित कर दिया गया है। उन्होने जरूरतमंदों को अन्नापूर्णा योजना के माध्यम से राशन पैकेट भी दिये जाने की आवश्यक जानकारी भी दी। जिले में 14 शिविर लगे होने की सूचना भी उनके द्वारा दी गई है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस का राशन जिले में धड़ल्ले से हो रहा है सप्लाई

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। अल्मोडा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन खुले बाजार में बेचे जाने का मामला में सामने के बाद जनपद मुख्यालय में भी ये मामले लगातार सामने आ रहे है। ताजा सूत्रों के मुताबिक जिले में जिले में लगातार इलाके के लोगों द्वारा प्रशासन से शिकायत की जा रही थी।

बता दें कि मुख्यालय में राशन का थोक में कारोबार करने वाले व्यापारी प्रशासन के लिए बेहद चिता का विषय बने हुए है। गुपचुप तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणली का राशन कालाबाजारी करने वालों के हौसले

**■घोटालाः** थोक विकेता लगा रहा है चूना

बुलंद पडे हुए है। बता दें कि मुख्यालय में आम लोगों का राशन ब्लैक होकर बाजार तक पहुंचने के मामले रोजाना बड रहे है। बता दें कि लगातार ऐसे बड रहे मामलों ने कही न कही प्रशासन की नाक में दम कर करके रखा है। यदि प्रशासन कि नियमों को ताक पर रखकर कोई व्यापारी ऐसे कारोबार को खुलेआम करता है तो इलाके के लोगों के लिए गंभीर विषय तो है ही । इलाके में धडल्ले से हो रहा है सार्वजनिक वितरण प्रणाली वही के राशन का कालोबार । वही सूत्रों की मानें तो ऐसे कालाकरोबियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों की कोई सुनने वाला भी नही है। लाकडाउन के दोरान जहां आम आदमी अपने लिए मिलने वाले राशन के लिए यहां वहां चक्कर काटने को मजबूर है । वही ऐसे परिस्थिति में लोगों को मिलने वाले राशन को बाजार में थोक

कारोबारी धडल्ले से बेच रहे हैं। वही देर सांय मुख्यालय में हरकत में आई एलआयू ने एक व्यापारी को पीडीएस का चांवल ब्लैक करते हुए पकडा है। बता दें कि उपरोक्त व्यापारी के गोदाम से दो क्विण्टल पीडीएस का चांवल पकडा गया है। उपरोक्त व्यापारी के खिलाफ वस्तु अधिनियम के तहत धारा 188व 269 के आपदा प्रबंधन के तहत मामला दर्ज होने के समाचार मिले है।

## स्वामी चिदानंद सरस्वती ने योगी के पिता आनंद सिंह बिष्ट को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट के निधन की सूचना पर यमकेश्वर प्रखंड सहित तीर्थनगरी में शोक की लहर दौड़ गयी। विभिन्न लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। श्रद्धाजंलि देते हुए परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि आज हमने आंनद सिंह बिष्ट के रूप में एक जिम्मेदार पिता और एक महान विभूति को खो दिया हैं। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा के बाद उत्तराखंड आंदोलन और समाज सेवा में अग्रणी रहे आनंद सिंह बिष्ट का निधन समाज के लिए बड़ी क्षति है। वहीं, ऋषिकेश महापौर अनीता ममगाईं ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समाज सेवी आनंद सिंह बिष्ट का जाना समाज के लिए बड़ी क्षति है। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश महामंत्री डीएस गुसाईं ने राज्य आंदोलन में सक्रिय रहे आनंद सिंह बिष्ट के निधन पर शोक व्यक्त किया।